कारियों के संघ द्वारा वस्त्र मंत्री जी को दिये गये ज्ञापन पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ; और

(ख) इस मामले के कब तक निपटाये जाने की संभावना है तथा विलम्ब के क्या कारण हैं ?

वस्त्र मंत्री और साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) : (क) और (ख) राष्ट्रीय वस्त्र निगम (एन.टी.सी.) मिलों के तकनीकी एवं अधिकारी स्टाफ संघ (गुजरात) से प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार किया गया था । सरकार ने एन.टी.सी. के सभी सहायक निगमों में तकनीकी और पर्यवेक्षी स्टाफ के वेतनमानों में एकरूपता लाने के प्रश्न पर विचार करने के लिये एक संयुक्त समिति गठित कर दी है । हालांकि संयुक्त समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट निकट भविष्य में ही प्रस्तुत किये जाने की संभावना है, किन्तु इसके लिये ठीक-ठीक समय-समीक्षा बता पाना संभव नहीं होगा कि एन.टी.सी. के सहायक निगमों के, जिसमें एन.टी.सी. (गुजरात) भी शामिल है, तकनीकी और पर्यवेक्षण संबंधी स्टाफ के वेतनमानों पर निर्णय कब तक ले लिया जायेगा ।

देश में बन्द पड़ी कपड़ा मिलें

312. **श्री मोर्जा इर्शादबेग** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा कितनी कपड़ा मिलें चलायी जा रही हैं तथा उसमें से कितनी मिलें इस समय बन्द पड़ी हैं, तथा उन्हें पुन: आरम्भ करने के संबंध में सरकार की क्या योजना है ; और

(ख) इन मिलों के बन्द हो जाने से कितने कामगार बेकार हो गये हैं तथा उन्हें काम पर लगाने तथा उनकी मदद करने के संबंध में क्या योजनायें आरम्भ की गयी हैं तथा उसके लिये क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है ?

वस्त्र मंत्री और साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) : (क) इस समय राष्ट्रीय वस्त्र निगम के अधीन 124 मिलें तथा ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन के अधीन 2 कपड़ा मिलें हैं, जो केन्द्रीय सरकार के अधीन हैं । राष्ट्रीय वस्त्र निगम के अधीन 124 कपड़ा मिलों में से 2 मिलें जो 1974 में राष्ट्रीयकरण के समय बन्द हो गयी थीं, मशीनों की खराब स्थिति के कारण पुन: चालू नहीं की जा सकीं । ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन के अन्तर्गत आने वाली सभी मिलें इस समय चालू हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

सरदार सरोवर परियोजना

313. **श्री मोर्जा इर्शादबेग** : **क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के संबंध में अभी तक कितनी प्रगति हुई है ;

(ख) इस परियोजना पर अभी तक कितनी धनराशि खर्च हुई है तथा प्रयोजनार्थ किये गये वित्तीय आबंटनों का ब्यौरा क्या है ; तथा इस परियोजना के संबंध में विश्व बैंक का विचार क्या है ; और

(ग) गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र सरकारों द्वारा इस संबंध में कितनी प्रगति की गई है ?

जल संसाधन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटाडिया) : (क) से (ग) लगभग 1000 करोड़ रुपये के वितरण प्रणाली सहित बांध पर मुख्य कार्य, नहर, विद्युत-गृह का निर्माण चल रहा है । 1000 करोड़ रूपये की लागत के कार्यों के लिये संविदायें देने हेतु प्रस्तुत किये गये हैं। अक्तूबर, 1989 तक 726.32 करोड़ रुपये व्यय किये गए हैं । वर्ष 1989–90 के लिये आवंटन 250.10 करोड़ रूपये था । दिसम्बर, 1989 मे